<u>**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**</u>

<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

<u>पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन से उड़ानों का संचालन आरंभ</u>

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, पोर्ट ब्लेयर के नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन 18 जुलाई, 2023 को किया गय था।

20 अगस्त 2023 : वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, पोर्ट ब्लेयर के नए एकीकृत टर्मिनल भवन (एनआईटीबी) से हवाई यातायात प्रचालन आज चेन्नई से पहली उड़ान के आगमन के साथ आरंभ हुआ। पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन 18 जुलाई, 2023 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केंद्रीय नागर विमानन व इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया; जनरल (डॉ.) वी.के सिंह (सेवानिवृत्त), केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग तथा नागर विमानन राज्य मंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा किया गया। कुल 40,837 वर्गमीटर क्षेत्र में निर्मित एनआईटीबी व्यस्ततम प्रचालन समय अर्थात व्यस्तम घंटो में 1200 यात्रियों और सालाना लगभग 50 लाख यात्रियों की सेवा करने में सक्षम है। हवाईअड्डे की इमारत 28 चेक-इन काउंटर, 12 आप्रवासन काउंटर, तीन यात्री बोर्डिंग पुल(एयरोब्रिज) और तीन कन्वेयर बेल्ट से सुसज्जित है। हवाई अड्डे का एप्रन एक समय में 10 विमानों की पार्किंग के लिए उपयुक्त है।

निजी व टैक्सी गाड़ियों को नियंत्रित करने के लिए पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे के एनआईटीबी में वाहनों के प्रवेश और निकास के लिए नए मार्ग बनाए जा रहे हैं। हवाई अड्डे का प्रवेश द्वार 'आईटीएफ' ग्राउंड के निकट है और निकास द्वार लेमन ट्री होटल के निकट है। हयात सिंह की ओर से नए टर्मिनल प्रवेश द्वार पर आने वाले वाहनों को नई आगमन प्रक्रिया का पालन करने की सलाह दी गई है। प्रवेश द्वार की ओर सीधे दाहिनी ओर मुड़ने के बजाय, सभी वाहनों को अब आरबीवी क्रॉसिंग की ओर बढ़ना होगा और हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार तक पहुंचने के लिए अनिवार्य यू-टर्न लेना होगा।

यात्रियों की कुशल आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए, लेन 1 और लेन 2 विशेष रूप से प्रस्थान के लिए निर्धारित होगी, जबकि लेन 03 आगमन के लिए निर्दिष्ट होगी। सभी व्यावसायिक वाहनों को निर्धारित पार्किंग क्षेत्रों में पार्क किया जाएगा। वाणिज्यिक वाहनों का लेन 03 पर चार से पांच मिनट से अधिक रुकने की सख्त मनाही है। ये उपाय यात्रियों की सुगम आवाजाही में योगदान देंगे और यातायात बाधाओं को कम करेंगे।

प्रकृति से प्रेरित, हवाई अड्डे के टर्मिनल का वास्तुशिल्प अभिकल्प, समुद्र और द्वीपों को दर्शाती एक सीप के आकार की संरचना जैसा दिखता है। यह इमारत आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ दिव्यांगजन के लिए विभिन्न सुविधाओं से भी सुसज्जित है।

नए टर्मिनल भवन के संचालन और द्वीपों के लिए हवाई सम्पर्कता बढ़ने से स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होने के साथ-साथ पर्यटन उद्योग के विस्तार को बढ़ावा मिलेगा।

निगमित संचार निदेशालय, भा.वि.प्रा द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (निगमित संचार) 011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 15/2023-24

चेक-इन काउंटर्स

प्रस्थान हॉल -यूजीएफ

आगमन हॉल-यूजीएफ